@Fair Report @Fair_report @fairreportnews @Fair report

# FAIR REPORT

THE DAWN OF A FEARLESS PEN

Jaipur, Thursday, 11 Septmber 2025

PRGI No. - T/RJ/BIL/00000020 | Vol 1 | Issue No.- 16 | Pages 04 | ₹3.00



# FRANCE IN FLAMES

FAIR REPORT

**New Delhi:** France is once again witnessing waves of public unrest. What began as protests against government-announced budget cuts under the banner of "Block Everything" has escalated into widespread demonstrations, arson, and clashes with security forces. The events raise critical questions about the widening trust deficit between the state and its citizens. The French government recently unveiled a plan for systematic budget cuts. The official justification: ensuring fiscal stability and aligning with European Union economic guidelines. However, ordinary citizens fear that the burden of these cuts will fall directly on essential services such as education, healthcare, transportation, and social security.

## NATURE OF THE PROTESTS

- Thousands took to the streets across multiple cities.
- Incidents of arson and vandalism disrupted public life.
- Transport and traffic systems were blocked or delayed.
- Direct clashes broke out between demonstrators and police.
- Over 200 protesters have been arrested so far.
- To contain the situation, the government has deployed 80,000 police personnel nationwide.

## ANALYSIS

- France is already grappling with inflation and unemployment. The proposed cuts deepened citizens' sense of economic and social insecurity.
- The opposition has branded the protests as proof of the government's policy failures.
- The agitation resonates strongly with youth and working-class communities, who see their future stability at risk.
- As a core EU nation, unrest in France has ripple effects on European markets and the credibility of the Euro.
- The protests in France are not just about budget cuts—they are the echo of a society unsettled by rising inequality and an uncertain future. The government faces a crucial choice: rely on heavy policing to suppress dissent, or engage in dialogue and trust-building to address the concerns of its people.
- In the end, the strength of democracy lies not in austerity or force, but in balance and conversation.

## Curfew imposed across Nepal until situation normalizes

FAIR REPORT

**Kathmandu/New Delhi:** Amid social media restrictions and escalating anti-corruption protests, Nepal reopened Tribhuvan International Airport on Wednesday after a two-day shutdown, allowing domestic and international flights to resume. Meanwhile, the Nepalese Army announced a nationwide curfew starting Wednesday evening, citing damage to property by "anti-social elements" exploiting the unrest. Authorities said the curfew could be extended depending on the situation.

Local media reports suggest that former Chief Justice Sushila Karki, Nepal's first female Chief Justice, is being discussed as a potential interim Prime Minister. Her name received support at a major Gen-Z movement meeting, though some protest groups are backing Kathmandu Mayor Balen Shah and other young leaders. Karki also visited Army headquarters for talks with officials. The Army has appealed to protesters to reach consensus and provide names of potential leaders to facilitate a political resolution.

Ousted Prime Minister K.P. Sharma Oli issued an open letter describing the protests as a "deep conspiracy." Writing from military custody in Shivpuri, he paid tribute to slain youth, calling them his "own children" despite not having any of his own. He urged peace and dialogue.

## US, India eye trade reset

FAIR REPORT

**WASHINGTON/NEW DELHI** U.S. President Donald Trump said on Tuesday his administration is continuing negotiations to address trade barriers with India and that he would talk to Prime Minister Narendra Modi, in a sign of a reset after weeks of diplomatic friction.

Trump, in a marked shift of tone, said he looked forward to speaking to Modi in the "upcoming weeks" and expressed optimism that they could finalize a trade deal. "I feel certain that there will be no difficulty in coming to a successful conclusion for both of our Great Countries," he said in a post on social media.

Modi reciprocated the optimism in a social media post on Wednesday, saying



Washington and New Delhi "are close friends and natural partners."

He said teams from both countries are working to conclude the trade discussions at the earliest.

"I am also looking forward to speaking with President Trump. We will work together to secure a brighter, more prosperous future for both our people," Modi said.

The latest comments from both leaders drove India's shares up over 0.5%.

Trump had promised for months that the two sides were close to clinching a trade deal, only to double new tariffs on Indian imports to 50%, sparking questions about the future of the U.S.-India relationship, which had strengthened in recent years, including during Trump's first term. Over the past few weeks, Trump and his top officials have criticised India for buying oil from Russia and said that India was funding the war in Ukraine, a charge New Delhi denies. The discord with the U.S. has coincided with India warming up to China. Late last month, Modi made his first visit to China in seven years for a summit hosted by Chinese President Xi Jinping and was seen holding hands with Russian President Vladimir Putin. "While the social media statements by Trump and Modi signal a potential rapprochement between the U.S. and India, it is still premature to assume that a resolution will arrive swiftly," Madhavi Arora, economist at Emkay Global, said.

## Prime Minister Modi speaks with PM Giorgia Meloni

- Leaders reaffirm commitment to deepen India-Italy Strategic Partnership
- The leaders exchange views on peaceful and early resolution of the conflict in Ukraine
- PM Meloni expresses support for early conclusion of India- EU FTA
- Leaders commit to promote connectivity under the IMEEEC Initiative

FAIR REPORT



**Delhi :** Prime Minister Shri Narendra Modi held a telephone conversation with H.E. Ms. Giorgia Meloni, Prime Minister of Italy, today.

The leaders reviewed and positively assessed the developments in bilateral Strategic Partnership across sectors such as investment, defence, security, space, science & technology, education, people-to-people ties and counter-terrorism. Both leaders reaffirmed their commitment towards further deepening of the Partnership, in line with the Joint Strategic Action Plan 2025-29.

They also exchanged views on regional and global issues of mutual interest. They agreed on the need for an early and peaceful resolution of the conflict in Ukraine. PM Modi reiterated India's full support for efforts in this direction.

Prime Minister Meloni reiterated Italy's strong support for conclusion of a mutually beneficial India-EU Free Trade Agreement at the earliest, and for the success of the AI Impact Summit to be hosted by India in 2026. The leaders also agreed on taking steps to promote connectivity under India Middle East Europe Economic Corridor (IMEEEC) initiative. The leaders agreed to remain in touch.

## *Punjab Minister Slams PM's ₹1,600 Crore Relief Package as "Insult to the People"*

FAIR REPORT

**Chandigarh:** Punjab Cabinet Minister Aman Arora has strongly criticized Prime Minister Narendra Modi's announcement of a 1,600 crore relief package for the flood-hit state, calling it an insult to the people of Punjab who have been devastated by the recent calamity.

Arora said that the package, announced after the Prime Minister's visit, was grossly inadequate and dismissive of the scale of destruction caused by the floods. "The Prime Minister came, saw the devastation, and left after offering a token amount of aid. This is not relief; this is humiliation," Arora remarked.

Punjab has witnessed unprecedented flooding this monsoon, leading to massive losses in life, property, and agriculture. Official reports state that at least 52 people have lost their lives so far, with thousands of families displaced and crops on large tracts of farmland destroyed.



Roads, bridges, and other infrastructure have also suffered extensive damage, leaving many areas cut off from essential supplies.

The state government has been appealing for substantial financial assistance from the Centre to carry out rescue operations, rebuild infrastructure, and compensate affected families. According to Arora, the estimated losses run into several thousands of crores, making the 1,600 crore package a mere fraction of what is required.

"This package is not just insufficient but a direct affront to every citizen of Punjab who has lost everything in this disaster," Arora said, adding that the state needs comprehensive support, not symbolic gestures.

The criticism reflects growing political tensions between the Aam Aadmi Party (AAP)-led state government and the BJP-led central government. With relief and rehabilitation efforts still underway, the adequacy of central assistance remains a contentious political and humanitarian issue.

**अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक का राष्ट्रीय अधिवेशन :** प्रत्येक पंचायत को सहकारी समितियों से जोड़ने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

# सहकारिता से देश-प्रदेश बन रहे आत्मनिर्भर और सशक्त: सीएम

FAIR REPORT

**जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सहकारिता देश और प्रदेश को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने का द्वार है। सहकारिता को आमजन से जोड़ने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है ताकि उनके जीवन स्तर पर बड़ा बदलाव आए। उन्होंने कहा कि राज्य की प्रत्येक पंचायत को सहकारिता से जोड़ने के लिए ग्रामीण सहकारी समितियों (जीएसएस) की स्थापना पर कार्य किया जा रहा है। इससे किसानों को आसानी से बीज और खाद उपलब्ध हो पाएंगे।

शर्मा बुधवार को बिडला सभागार में सहकार भारती और सहकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक के राष्ट्रीय अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक स्थानीय समुदाय की आवश्यकताओं को समझते हैं। इन्होंने छोटे उद्यमियों, दुकानदारों, कारीगरों और मध्यमवर्गीय परिवारों को आसान ऋण उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाई है। ये आर्थिक सशक्तिकरण के प्रमुख वाहक के रूप में उभरे हैं। उन्होंने कहा कि आज इसकी प्रदेश में 236 शाखाएं कार्यरत हैं।




## पूर्ववर्ती सरकार में सहकारिता रही उपेक्षित

सीएम ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय में सहकारिता उपेक्षित रही। किसानों को ना समय पर बीज मिलते थे और ना ही पैसा। सहकारी बैंकों में एनपीए की स्थिति भी भयावह थी। उन्होंने कहा कि आज सहकारी बैंकों की एनपीए की स्थिति में व्यापक सुधार हुआ है और नई तकनीकों के माध्यम से सेवा में गुणवत्ता आई है।

## 42 हजार करोड़ से अधिक के ऋण वितरित

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में सहकारिता को बढ़ावा देते हुए किसान और पशुपालकों को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है। उन्होंने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी विकेन्द्रीकृत अन्न भण्डारण योजना के अन्तर्गत घमूड़वाली पैक्स में गोदाम, प्रसंस्करण यूनिट और कस्टम हायरिंग केन्द्र की स्थापना जैसे कार्य किए जा रहे हैं। साथ ही, राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण योजना से गोपालकों को लाभान्वित किया जा रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि सहकारी बैंकों के माध्यम से राज्य सरकार ने अब तक किसानों को लगभग 42 हज़ार 394 करोड़ रुपये के ब्याज मुक्त अल्पकालिक फसली ऋण उपलब्ध कराए हैं तथा करीब 404 करोड़ रुपये के फसली ऋण वितरित किए हैं।

**सहकारिता का स्वर्ण काल:** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की सहकारिता अपने स्वर्ण काल से गुजर रही है। उनकी पहल पर "सहकार से समृद्धि" की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से वर्ष 2021 में सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की गई। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में सहकारिता क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए कई दूरगामी निर्णय किए हैं। हाल ही में केन्द्र सरकार ने देश में पहली विस्तृत राष्ट्रीय को-ऑपरेटिव पॉलिसी लॉन्च की है। साथ ही, पिछले चार वर्षों में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों, डेयरी, मत्स्य, सहकारी बैंकों, चीनी सहकारी संस्थाओं और सहकारी शासन प्रणाली को सशक्त बनाने के लिए 100 से अधिक पहल की हैं।

## राजस्थान सहकारिता के क्षेत्र में अग्रणी

सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। सहकारिता क्षेत्र में नवाचारों में राजस्थान अग्रणी राज्यों में है। विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में सहकारिता आंदोलन अहम भूमिका निभाएगा। आरबीआई के निदेशक सतीश मराठे ने कहा कि देश की आर्थिक धारा में सहकारी बैंकों की भूमिका निरंतर महत्वपूर्ण होती जा रही है।

विधानसभा का मानसून सत्र समाप्त, सीएम बोले- अतिवृष्टि का जायजा लेने विपक्ष नहीं गया

# जनता के आंसू हमारे जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पोंछे : मुख्यमंत्री

FAIR REPORT

**जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सदन की अपनी परंपराएं और गरिमा होती हैं, लेकिन विपक्ष सस्ती लोकप्रियता के लिए सदन का समय बर्बाद कर रहा है। प्रदेश की 8 करोड़ जनता की समस्याओं के समाधान के लिए ही यह सदन कार्य करता है। विपक्ष जिस तरह से व्यवधान डाल रहा है, उसे प्रदेश की जनता देख रही है और समय आने पर उन्हें माफ़ नहीं करेगी। शर्मा ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि मानसून सत्र जनता की समस्याओं पर ध्यान आकर्षित करने और समस्यों से जुड़कर उनके समाधान के लिए आहूत किया गया है। लेकिन विपक्ष की ओर से ऐसा कोई ठोस मुद्दा नहीं रखा गया जिससे जनता की वास्तविक आवाज सदन तक पहुंच सके। शर्मा ने कहा कि हाल ही में हुई अतिवृष्टि से उत्पन्न स्थिति का जायजा लेने एवं प्रभावित लोगों के दुख दर्द बांटने के लिए विपक्ष का कोई भी नेता या जनप्रतिनिधि जनता के बीच नहीं गया। जबकि राज्य सरकार के सासंद, मंत्री, विधायक और अधिकारियों ने फील्ड में जाकर प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया तथा पीड़ित जनता की मदद कर उनके आंसू पोंछे। हैं। उन्होंने कहा कि जनता के हित में उठाई गई मेरी आवाज को विपक्ष नहीं दबा सकता।



## नए उद्योगों के विकास के लिए सरकार हरसंभव मदद को तैयार: उद्योग मंत्री

उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने विधानसभा में कहा कि सरकार द्वारा नए उद्योगों को विकसित करने के लिए हर संभव सहायता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि रीको औद्योगिक क्षेत्र डीडवाना में नए उद्योग विकसित हो रहे हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि पानी की उपलब्धता होने पर पानी की टंकी बनवाकर उद्योगों को जलापूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही नवगठित जिला डीडवाना-कुचामन में उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र कार्यालय भी शीघ्र ही स्थापित किया जाएगा। उद्योग मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे।

## भूजल संरक्षण एवं प्रबंधन बिल से होगा भूजल दोहन का नियंत्रण : कन्हैयालाल

भू -जल मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि प्रदेश में गिर रहे भूजल स्तर को देखते हुए भूजल दोहन को नियंत्रित किया जाना अतिआवश्यक है। राज्य सरकार द्वारा इस दिशा में कार्य करते हुए राजस्थान भूजल संरक्षण एवं प्रबंधन बिल लाया जा रहा है। जिसमें औद्योगिक इकाइयों द्वारा किये जा रहे भूजल के दोहन एवं पुनर्भरण से सम्बंधित नियम समाहित है। उन्होंने कहा कि इस बिल के कड़े प्रावधानों के माध्यम से प्रदेश के किसानों एवं व्यक्तिगत उपयोग हेतु भूजल दोहन की योजनाओं के अतिरिक्त औद्योगिक इकाइयों द्वारा किए जा रहे भूजल दोहन को नियंत्रित किया जा सकेगा।

## राज्य में लगेगी 6 हजार मेगावाट क्षमता की ऊर्जा भण्डारण परियोजना : नागर

उर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य में 6 हजार मेगावाट क्षमता की बैटरी उर्जा भंडारण प्रणाली की स्थापना की जाएगी। इससे अक्षय ऊर्जा स्रोतों से बिजली संरक्षित कर रात में उपलब्ध कराया जा सकेगा। नागर प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि ए केंद्रीय उपक्रमों के साथ संयुक्त उद्यम के अंतर्गत 4 हजार 895 मेगावॉट क्षमता की परंपरागत तथा 38 हजार 343 मेगावॉट क्षमता की अक्षय ऊर्जा परियोजनाएं विकसित करने हेतु 2,00,800 करोड़ रुपये के निवेश आधारित एमओयू किए गए।

## फर्जी भुगतान के जिम्मेदारों पर कार्रवाई करेंगे : मंत्री

FAIR REPORT

**जयपुर**

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि सादुलपुर में जल जीवन मिशन के तहत कार्यों में फर्जी भुगतान की शिकायतों की जांच के लिए 28 जुलाई 2025 को समिति का गठन किया गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी तथा संवेदकों से भी भुगतान की राशि वसूल की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि पंचायतों के सरपंचों द्वारा गलत तरीके से एनओसी दी गई है, तो उसकी भी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र सादुलपुर में जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत कार्य संवेदक द्वारा धीमी गति से कार्य करने के कारण निर्धारित अवधि में पूरे नहीं किये जा सके हैं। उन्होंने कहा कि राजगढ़-बूंगी पेयजल परियोजना में देरी के कारण संवेदक की 3.96 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान रोका गया है, जबकि 6 करोड़ रुपये का भुगतान रोका जाना चाहिये था। उन्होंने कहा कि पूरी जुर्माना राशि की वसूली के लिए अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है। चौधरी ने कहा कि फर्जी भुगतान की जांच के लिए परियोजना से जुड़े सभी दस्तावेज प्राप्त कर लिए गए हैं।

## मानव-वन्यजीव संघर्ष में 5 साल में हुईं 66 मौतें

**जयपुर।** राजस्थान में 5 सालों में वन्यजीवों और इंसानों के बीच संघर्ष की घटनाएं लगातार बढ़ी हैं। जानकारी के मुताबिकवन्यजीवों के हमले में 66 लोगों की जान गई और 328 लोग घायल हुए। यह आंकड़ा विधानसभा में टोडाभीम विधायक घनश्याम महर के एक सवाल के जवाब में वन विभाग ने दिया। वन विभाग द्वारा दी गई पिछले 5 सालों में वन्यजीवों के हमले में प्रभावित परिवारों को कुल 4 करोड़ 76 लाख रुपये का मुआवजा दिया गया है। सबसे ज्यादा घटनाएं सवाई माधोपुर, राजसमंद, सिरोही और उदयपुर जिलों में दर्ज की गई हैं, जहां घनी आबादी और वन्यजीवों के आवास के बीच संघर्ष ज्यादा देखने को मिल रहा है।

## कांग्रेस विधायकों ने मार्च निकाल कर विधानसभा में किया प्रदर्शन

FAIR REPORT

**जयपुर**

सदन म लग काथत गुप्त कमरा को लेकर कांग्रेस ने बुधवार को जमकर हंगामा किया। पार्टी के विधायकों ने इन कैमरों के जरिए जासूसी करने का आरोप लगाया और इसे संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन बताया और कैमरे हटाने की मांग की। कांग्रेस सदस्यों ने इस मुद्दे पर जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस के सदस्य विधायक आवास में एकत्रित हुए। वहां से पैदल मार्च करते हुए विधानसभा परिसर पहुंचे। कांग्रेस विधायकों ने 'जग्गा जासूस' स्लोगन वाली टोपियां पहन रखी थी। हाथ में 'अनुच्छेद 21 का हनन' लिखे बैनर ले रखे थे।




कांग्रेस के सभी विधायकों ने नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि सदन में जब पहले से ही कैमरे लगे हुए हैं, सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं और यूट्यूब से सब कुछ जुड़ा हुआ है। पूरा राजस्थान इस कार्रवाई को देखता है, लेकिन इसके बावजूद सदन में गुप्त कैमरे लगे हुए हैं। जूली ने कहा कि जब सदन चलता है तो पूरी कार्यवाही ऑन रिकॉर्ड होती है, लेकिन जब सदन नहीं चलता है, तब कोई सदस्य आपस में बात करते हैं, तो यह लोग गुप्त कैमरों के जरिए विपक्षी सदस्यों की बातें सुनते हैं।

**नेपाल में युवाओं द्वारा जारी आंदोलन को लेकर मीणा और गुढ़ा ने दिया विवादित बयान**

# नरेश बोले-राजस्थान में भी क्रांति की जरूरत

FAIR REPORT

**जयपुर**

एसडीएम थप्पड़ कांड के बाद से चर्चा में आए नरेश मीणा ने नेपाल में जारी आंदोलन को लेकर भी बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में युवाओं और छात्रों ने क्रांति की और सरकार को गिरा दिया, आज नेपाल में भी वैसा ही माहौल है। युवाओं की आवाज दबाने के लिए सोशल मीडिया बंद किया गया, लेकिन सड़क पर उतरे छात्र और युवा पूरे सिस्टम को हिला रहे हैं। मीणा ने कहा कि नेपाल का प्रधानमंत्री तक भाग गया और सांसदों को निशाना बनाया । उन्होंने कहा कि अब भारत, खासकर राजस्थान में भी क्रांति की ज़रूरत है और यह क्रांति कोई ला सकता है तो सिर्फ युवा और छात्र ही ला सकते हैं। नरेश मीणा झुंझुनू के मून बाग खेल मैदान में आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता के मौके पर यह बात कही।



### "यहां जनता का गुस्सा फूट सकता है"

पूर्व मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने भी नेपाल आंदोलन पर तीखा बयान दिया। उन्होंने कहा कि वहां जनता मंत्रियों की पिटाई कर रही है, प्रधानमंत्री और मंत्री भाग रहे हैं और भ्रष्टाचार के खिलाफ संसद तक में आग लगी हुई है। गुढ़ा ने कहा कि ऐसा ही बांग्लादेश और श्रीलंका में हुआ और जब जनता को दबाने की कोशिश की गई, तब बड़े बदलाव आए। उन्होंने चेतावनी दी कि हिंदुस्तान में भी हालात सुधरे नहीं तो जनता का गुस्सा फूट सकता है। नेपाल में जनता प्रधानमंत्री की लोकेशन ले रही है, मंत्रियों को खोज रही है।

**टिकट बंटवारे पर कांग्रेस पर साधा जमकर निशाना :** इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उन्होंने कांग्रेस पार्टी की खूब सेवा की, झंडा उठाया, नारे लगाए, लेकिन टिकट देने की बारी आई तो उन्हें नजर अंदाज कर दिया। मीणा ने कहा कि आदिवासी समाज पूरी ताकत से कांग्रेस को वोट देता है, लेकिन उसी समाज के नरेश मीणा को लगातार दरकिनार किया गया। उन्होंने बताया कि साल 2018 विधानसभा चुनाव, फिर लोकसभा चुनाव और उसके बाद देवली-उनियारा से टिकट की मांग की, लेकिन कांग्रेस ने हर बार उन्हें नजर अंदाज किया। मीणा ने कहा कि जब वे निर्दलीय बने तो जनता ने उन्हें भरपूर समर्थन दिया। छबड़ा से 44 हजार और देवली-उनियारा से 60 हजार वोट मिले। इसके बावजूद कांग्रेस ने उन्हें मौका नहीं दिया, जबकि, जिनको टिकट दिया गया उनकी जमानत तक जब्त हो गई।

## 'तानाशाही जारी रही तो हो सकते हैं नेपाल जैसे हालात'

जयपुर से कोटा जाते समय प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने मीडिया से कहा कि पड़ोसी देशों नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका में जनता की आवाज को दबाने की कोशिशों का परिणाम यह हुआ कि वहां लोग सड़कों पर उतर आए और सरकारें संकट में पड़ गईं। उन्होंने कहा कि नेपाल में तो स्थिति इतनी गंभीर हुई कि प्रधानमंत्री को देश छोड़कर भागना पड़ा। डोटासरा ने चेतावनी दी कि भारत में भी यदि तानाशाही जारी रही और जनता की आवाज को दबाने का सिलसिला नहीं रुका, तो यहां भी व्यापक आक्रोश उत्पन्न हो सकता है। डोटासरा ने कहा, "सरकारों को चाहिए कि जनता की आवाज सुने, उनके काम करे और संवेदनशीलता दिखाए, लेकिन आज स्थिति इसके उलट है।

## ब्रीफ खबरें

### बजट घोषणा : अनूपगढ़, शाहपुरा, गंगापुर में बनेगा ऑडिटोरियम

**जयपुर।** मुख्यमंत्री की बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारते हुए वित्त विभाग द्वारा स्वायत्त शासन विभाग को अनूपगढ़ (श्रीगंगानगर), शाहपुरा (भीलवाड़ा) एवं गंगापुर सिटी (सवाई माधोपुर) में एक-एक ऑडिटोरियम एवं कुचामन सिटी में एक सिटी पार्क निर्माण के लिए 41.56 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। साथ ही जल संसाधन विभाग को भी विभिन्न कार्य हेतु 191.69 करोड रुपए एवं 3.36 करोड़ रुपए की वित्तीय सहमति प्रदान की गई है। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्वीकृत पेयजल योजना के विभिन्न प्रकरणों के लिए वित्त विभाग द्वारा 58.58 करोड़ रुपए की वित्तीय सहमति जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को भी प्रदान की गई है।

### सीमा सुरक्षा की समीक्षा के लिए स्थायी समिति की बैठक आयोजित



**जयपुर।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि पाकिस्तान से सटी अन्तर्राष्ट्रीय बोर्डर का सबसे अधिक हिस्सा राजस्थान से गुजरता है। ऐसे में सीमावर्ती जिलों में कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारियां और अधिक बढ़ जाती है। सभी सीमावर्ती जिलों मे नियमित रूप से नार्को कोडिनेशन सेंटर तंत्र (एनकोर्ड) की बैठक लें एवं सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय कर आंतरिक सुरक्षा की समीक्षा करे। जिससे ड्रोन ड्रॉपिंग एवं मादक पदार्थों की अवैध तस्करी पर अंकुश लगाया जा सके। मुख्य सचिव पंत बुधवार को शासन सचिवालय में अन्तर्राष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा और निगरानी की समीक्षा के लिए गठित राज्य स्तरीय स्थायी समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती जिलों में स्थित आउटपोस्ट पर निगरानी के लिए तकनीकी संसाधनों उन्नयन के साथ मानवीय संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने इसमें किसी भी प्रकार की कटौती नहीं करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने सीमावर्ती जिलों में निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे, एंटी ड्रोन सिस्टम की उपलब्धता और आवश्यकता के लिए संबंधित कलक्टर, एसपी से फीडबेक लिया। उन्होंने कलक्टर, एसपी को फील्ड में सरप्राईज विजिट, रात्रि चौपाल आयोजित कर आमजन के साथ संवाद स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिलों में 'मानस' हैल्पलाईन के प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए जिससे मादक पदार्थों की अवैध तस्करी को रोकने के लिए प्रभावी सूचना तंत्र विकसित किया जा सकें।

### जनजातीय क्षेत्रों में सुशासन की नई पहल होगा आदि कर्मयोगी अभियान



**जयपुर।** राजस्थान आदि कर्मयोगी अभियान के तहत मास्टर ट्रेनर्स के 3 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ आज जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। यह प्रशिक्षण जयपुर स्थित एक निजी होटल में 10 से 12 सितम्बर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है।जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री द्वारा प्रारम्भ किया गया आदि कर्मयोगी अभियान जनजातीय क्षेत्रों में उत्तरदायी शासन व अन्तिम छोर तक सेवा संतृप्ति सुनिश्चित करने की एक राष्ट्रीय पहल है। अभियान के तहत् देशभर में जनजाति बाहुल्य एक लाख गांवों में 20-20 व्यक्तियों को आदि कर्मयोगी, आदि सहयोगी एवं आदि साथी के रूप में चयनित किया जा रहा है। इसी क्रम में जयपुर जिलें के 10 ब्लॉकों में 177 गांवों का चयन किया गया है। जिलें में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से जुड़ें 17 विभागों की 25 प्रमुख गतिविधियों के अभिसरण से 177 चयनित गांवों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जाएगा।

### राजस्थान में थमा बारिश का दौर, 17 सितंबर से फिर होगा शुरू

**जयपुर।** राजस्थान में मानसून की बारिश का दौर थम गया। राज्य के सभी शहरों में बुधवार को आसमान साफ रहा और दिन में कई जगह तेज धूप रही। कुछ शहरों में दिन के तापमान में बढ़ोतरी हुई। जैसलमेर, बाड़मेर, जालोर, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा समेत अन्य कुछ शहरों में धूप तेज रहने से दिन के तापमान में 1 से 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हुई। मौसम विशेषज्ञों ने राजस्थान में अगले 4-5 दिन मौसम ड्राई रहने और तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होने की संभावना जताई है। उधर, अनूपगढ़ में गांव 70 जीबी में मंगलवार शाम 4 बजे घग्गर नदी पार कर रहे तीन युवक पानी में फंस गए। दो युवक तो निकल आए। तीसरा फंस गया, जिसे ट्यूब डालकर बाहर निकाला गया। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- राज्य के अधिकांश भागों में अगले एक सप्ताह मौसम शुष्क रहने और केवल छुटपुट स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना है। 17 सितंबर से एक सिस्टम सक्रिय होगा, जिससे दक्षिण-पूर्वी व पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में बारिश का एक छोटा स्पैल शुरू हो सकता है।

RAJASTHAN
FAIR REPORT 03

## शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने किया विद्यालयों का औचक निरीक्षण,प्रधानाचार्य के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश

# अनुपस्थित मिले दो शिक्षकों के खिलाफ भी होगी कार्यवाही

FAIR REPORT

**जयपुर**। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने बुधवार को जयपुर जिले के महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, दरमी कलां,सांगानेर और पी एम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय,जयसिंहपुरा का औचक निरीक्षण किया।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर प्रातः 8:03 बजे महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, दरमी कलां,सांगानेर पहुंचे। विद्यालय में शिक्षक स्टाफ रूम में बैठे थे। मंत्री जी को देख कर कक्षा कक्षों की तरफ भागे। मंत्री ने पूछा तो प्रिंसिपल ने बताया कि अभी अभी प्रार्थना सभा खत्म हुई है। जबकि बच्चे सभी कक्षाओं के अंदर थे।



मंत्री दिलावर ने प्रिंसिपल रूम में बैठकर सबसे पहले शिक्षकों की उपस्थिति की जांच की । कंप्यूटर शिक्षक लेवल-1 रामकुमार तथा मोहन लाल यादव बिना अनुमति अनुपस्थित पाए गए। मंत्री ने कहा कि विधानसभा का सत्र चल रहा है। बिना सक्षम स्तर से अनुमति लिए कैसे अवकाश पर चले गए। मंत्री ने दोनों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सरोज गुप्ता मेडिकल लीव बताई गई। इसके बाद मंत्री ने विद्यालय की कैश बुक की जांच की। कैश बुक में दिनांक 23 जुलाई 2025 से आज दिनांक तक कोई इंद्राज नहीं किया गया। विद्यालय के तीनों कैश बुक विकास,राजकीय और स्थानीय में 23 जुलाई के बाद से कोई इंद्राज नहीं किए जाने का कारण पूछने पर प्रिंसिपल ने जवाब दिया कि स्कूल में बाबू नहीं है। इसके बाद मंत्री ने कक्षा कक्षों का निरीक्षण किया। कमरों में झाड़ू तक नहीं लगा था। धूल मिट्टी और गंदगी फैली हुई थी।

### मोबाइल सभी शिक्षकों के पास ही थे।

जबकि मोबाइल प्रिंसिपल के पास जमा करने के निर्देश है। विद्यालय के प्रिंसिपल मंत्री जी के सवालों का संतुष्टि पूर्ण जवाब नहीं दे पाए। इस पर प्रिंसिपल हेमेंद्र सिंह के खिलाफ भी मंत्री मदन दिलावर ने विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिए। यहां से मंत्री दिलावर सीधे पी एम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, जयसिंहपुरा पहुंचे। विद्यालय में सभी विद्यार्थी कक्षाओं में थे । सभी शिक्षक अपनी अपनी कक्षाओं में थे और बच्चों को पड़ा रहे थे। मंत्री दिलावर ने कक्षा कक्षों का निरीक्षण किया। और बच्चों के सवाल जवाब किए। बच्चों का शैक्षिक स्तर कमजोर मिला। कक्षा नवी के विद्यार्थियों को इंग्लिश के टीचर पढ़ा रहे थे। मंत्री जी ने बच्चों से पूछा कि नॉलेज की स्पेलिंग बताओ तो,बच्चे जवाब नहीं दे पाए। कक्षा चौथी के बच्चों को हिंदी विषय के शिक्षक पढ़ा रहे थे। मंत्री जी ने दीवार पर लगी हिंदी की कविता को पढ़कर सुनने को कहा, लेकिन बच्चा सही तरह से कविता नहीं पढ़ सका। बच्चे सभी निर्धारित गणवेश में थे। भवन भी साफ मिला। विद्यालय परिसर में मियावकी पद्धति से पौधारोपण किया गया था।

# 8 करोड़ जनता की समस्याओं के समाधान के लिए है विधानसभा-भजनलाल शर्मा

### विपक्ष सस्ती लोकप्रियता के लिए समय बर्बाद कर रहा

FAIR REPORT

**जयपुर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सदन की अपनी परंपराएं और गरिमा होती हैं, लेकिन विपक्ष केवल सस्ती लोकप्रियता के लिए सदन का समय बर्बाद कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की 8 करोड़ जनता की समस्याओं के



समाधान के लिए ही यह सदन कार्य करता है। विपक्ष जिस तरह से व्यवधान डाल रहा है, उसे प्रदेश की जनता देख रही है और समय आने पर उन्हें माफ़ नहीं करेगी।

शर्मा ने बुधवार को विधानसभा में दिए अपने बयान में कहा कि मानसून सत्र जनता की समस्याओं पर ध्यान आकर्षित करने और समस्याओं से जुड़कर उनके समाधान के लिए आहूत किया गया है। लेकिन विपक्ष की ओर से ऐसा कोई ठोस मुद्दा नहीं रखा गया जिससे जनता की वास्तविक आवाज सदन तक पहुंच सके। शर्मा ने कहा कि हाल ही में हुई अतिवृष्टि से उत्पन्न स्थिति का जायजा लेने एवं प्रभावित लोगों के दुख दर्द बांटने के लिए विपक्ष का कोई भी नेता या जनप्रतिनिधि जनता के बीच नहीं गया। जबकि राज्य सरकार के सासंद, मंत्री, विधायक और अधिकारियों ने फील्ड में जाकर प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया तथा पीड़ित जनता की मदद कर उनके आंसू पोंछे। हैं। उन्होंने कहा कि जनता के हित में उठाई गई मेरी आवाज को विपक्ष नहीं दबा सकता।

# एकजुटता ही जीत की कुंजी: डोटासरा

FAIR REPORT

**जयपुर**। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा बुधवार को जयपुर से कोटा की यात्रा पर निकले। इस दौरान चाकसू में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से भव्य स्वागत किया। पूर्व विधायक वेदप्रकाश सोलंकी, ब्लॉक अध्यक्ष भरतलाल मीणा, नगर अध्यक्ष लल्लूलाल कुमावत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उनके स्वागत के लिए विभिन्न स्थानों पर मौजूद रहे। कार्यक्रम में पूर्व मंडी अध्यक्ष हरिनारायण चौधरी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गंगाराम मीणा समेत कई वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डोटासरा ने कहा कि कार्यकर्ता एकजुट रहें और आगामी निकाय व पंचायतीराज चुनावों की तैयारियां अभी से शुरू कर दें। जनता अब भाजपा की कार्यशैली से ऊब चुकी है। एकछत्र राज में जनता पिस गई है और अब बदलाव चाहती है। डोटासरा ने कार्यकर्ताओं को आगामी समय में पार्टी की मजबूती के लिए अधिक सक्रिय रहने का आह्वान किया। इस मौक़े पर भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।4



# नेपाल में फंसे भारतीयों के लिए राजस्थान पुलिस बनेगी मददगार

### *जयपुर पुलिस मुख्यालय में विशेष सेल की हुई स्थापना

FAIR REPORT

**जयपुर**, 10 सितम्बर। नेपाल में विभिन्न कारणों से फंसे भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए राजस्थान पुलिस ने एक बड़ा कदम उठाया है। पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा के निर्देशानुसार पुलिस मुख्यालय, जयपुर स्थित अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (कानून-व्यवस्था) कार्यालय में एक विशेष सेल स्थापित की गई है। इस सेल का मुख्य उद्देश्य नेपाल में कठिनाई झेल रहे भारतीयों को शीघ्र और प्रभावी मदद पहुंचाना है। इसके लिए 24x7 हेल्पलाइन और व्हाट्सएप नंबर जारी किए गए हैं, जिनके माध्यम से नागरिक सीधे संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकेंगे। सेल का हेल्पलाइन नंबर : 0141-2740832 तथा 0141-2741807 है। इसके साथ ही त्वरित मदद के लिए व्हाट्सएप नंबर 97849-42702 भी जारी किया गया है। *वरिष्ठ पुलिस अधिकारी करेंगे पर्यवेक्षण*

सेल की जिम्मेदारी एसपी गोवर्धलाल सोकरिया को सौंपी गई है। वहीं तीन अनुभवी पुलिस अधिकारियों को राउंड द क्लॉक ड्यूटी पर लगाया गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में पीड़ित को तुरंत सहयोग मिल सके।

### नागरिकों को मिलेगा सीधा लाभ

इस पहल से नेपाल में फंसे भारतीय नागरिक और उनके परिजन अब राजस्थान पुलिस की मदद से सीधे संपर्क कर सकते हैं। किसी भी परेशानी, सूचना या शिकायत के लिए इन नंबरों पर कॉल या व्हाट्सएप मैसेज भेजा जा सकता है।

# चित्तौड़गढ़ जिले को डार्क जोन से बाहर निकाले सरकार : आक्या

FAIR REPORT

**चित्तौड़गढ़**। विधानसभा में बुधवार को चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने जिले को डार्क जोन से बाहर निकालने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि अवैध भूजल दोहन की वजह से चित्तौड़गढ़ औद्योगिक विकास में पिछड़ रहा है।

विधायक आक्या के प्रश्न पर जवाब देते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने बताया कि जिले में भूजल दोहन की दर 161.62 प्रतिशत है और पूरा क्षेत्र अतिदोहित श्रेणी (डार्क जोन) में आता है। विधानसभा क्षेत्रवार आंकड़ों के अनुसार चित्तौड़गढ़ में यह दर 198.93 प्रतिशत, भदेसर में 195.40 प्रतिशत, बड़ी सादड़ी में 190 प्रतिशत, भूपालसागर में 183.59 प्रतिशत और कपासन में 176.74 प्रतिशत है।

मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अवैध दोहन रोकने और



भूजल संरक्षण के लिए "भूजल दोहन, नियंत्रण व प्रबंधन बिल" विधानसभा में पेश किया है। इस बिल में किसानों और व्यक्तिगत पेयजल उपयोग को छोड़कर औद्योगिक इकाइयों द्वारा किए जा रहे अधिक दोहन पर कड़े प्रावधान किए गए हैं।

आक्या ने पूरक प्रश्न में कहा कि जिले में बड़ी संख्या में सीमेंट और अन्य औद्योगिक इकाइयां स्थापित हैं और कई और इंडस्ट्रीज निवेश करना चाहती हैं, लेकिन डार्क जोन की वजह से उन्हें स्वीकृति नहीं मिल पाती। उन्होंने कहा कि इस बार मानसून में अच्छी बारिश हुई है और सभी बांध, तालाब व नदियाँ लबालब हैं, इसलिए अब जिले को डार्क जोन से बाहर निकाला जाना चाहिए।

मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने आश्वस्त किया कि नए कानून से भूजल दोहन पर सख्ती से नियंत्रण होगा और जिले को इस स्थिति से बाहर निकालने के प्रयास किए जाएंगे। विधायक आक्या ने बिल के पारित होने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को बधाई दी और आग्रह किया कि क़ानून लागू करते समय किसानों और आमजन को किसी तरह की परेशानी न हो

# राजभवन के कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण



FAIR REPORT

**जयपुर**। हरिश्चंद्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान में राजभवन के कर्मचारियों का दो दिन का प्रशिक्षण बुधवार को संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में राजभवन के कर्मचारियों को कार्यालय के कामकाज और प्रबंधन के बारे में बताया गया। राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी ने कहा कि प्रशिक्षण का आयोजन राज्यपाल हरिभाऊ बागडे की सोच के तहत सुशासन को बेहतर बनाने के लिए किया गया था। इस दौरान वित्तीय सलाहकार संध्या शर्मा और नियंत्रक शरद तिवारी जैसे विशेषज्ञों ने भी कर्मचारियों को जरूरी जानकारी दी।

# ओटीपी बताने पर ही मिलेगा सस्ता एलपीजी सिलेंडर

FAIR REPORT

**जयपुर**। खाद्य विभाग ने उज्जवला योजना में सिलेंडर की सब्सिडी में हो रहे दुरुपयोग पर रोक लगाने के लिए नई व्यवस्था लागू की है। अतिरिक्त खाद्य आयुक्त पूनम प्रसाद सागर के निर्देश पर तेल कंपनियां अब OTP सिस्टम लागू कर रही हैं। एनएफएसए-पीएमयूवाई लाभार्थियों को सिलेंडर बुक करते समय रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजा जाएगा और उसी के सत्यापन के बाद सिलेंडर की आपूर्ति होगी। साथ ही रिफिल के समय लाभार्थी की डायरी में अंकन और रजिस्ट्रेशन नंबर से बुकिंग अनिवार्य होगी। उज्जवला योजना में केंद्र से 300 व राज्य से 450 रुपए सब्सिडी दी जाती है।

# दिया कुमारी ने फ्लिक्स बस को दिखाई हरी झंडी

### ब्रांडेड बसों से होगा राजस्थान पर्यटन का प्रमोशन

### जल्द शुरू होगी हॉप-ऑन हॉप-ऑफ बस सेवा

FAIR REPORT

**जयपुर**। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बुधवार को अल्बर्ट हॉल से फ्लिक्सबस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग और अग्रणी इंटरसिटी मोबिलिटी प्रोवाइडर फ्लिक्सबस के बीच विशेष साझेदारी




की शुरुआत हुई।

इस पहल का उद्देश्य राजस्थान की समृद्ध संस्कृति और विरासत को देश-विदेश में प्रमोट करना और यात्रियों को एक अनूठा अनुभव प्रदान करना है। फ्लिक्सबस, विरासत-थीम पर आधारित कस्टम-ब्रांडेड बसों के माध्यम से राजस्थान के प्रमुख पर्यटन स्थलों और गाथाओं को प्रदर्शित करेगी। ये बसें यूके में लंदन–कैम्ब्रिज रूट पर तथा भारत में देहरादून–हरिद्वार–दिल्ली–जयपुर जैसे प्रमुख मार्गों पर प्रतिदिन संचालित होंगी।

बसों की ब्रांडिंग पर राजस्थान की धरोहरों और प्रसिद्ध गाथाओं की झलक होगी। साथ ही, राजस्थान पर्यटन विभाग की वेबसाइट से जुड़ा क्यूआर कोड भी प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे यात्रियों को अतिरिक्त जानकारी मिल सकेगी। प्रचार अवधि के दौरान जयपुर पहुंचने वाले 100 फ्लिक्सबस यात्रियों को अल्बर्ट हॉल संग्रहालय में निःशुल्क प्रवेश की सुविधा दी जाएगी। इस साझेदारी को संयुक्त सोशल मीडिया कैंपेन और यूज़र-जनरेटेड कंटेंट के माध्यम से बड़े स्तर पर प्रमोट किया जाएगा।

### उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा

"फ्लिक्सबस के साथ यह अनूठी साझेदारी राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर और वैभवशाली विरासत को विश्व स्तर पर प्रदर्शित करने का अवसर है। यह पहल न केवल यूके और भारत के यात्रियों को आकर्षित करेगी बल्कि राजस्थान पर्यटन के लिए नए द्वार भी खोलेगी। भविष्य में इसे और रूट्स पर भी विस्तार दिया जा सकता है।" उन्होंने आगे घोषणा की कि जल्द ही जयपुर में लंदन की तर्ज पर हॉप-ऑन हॉप-ऑफ बस सेवा पीपीपी मॉडल पर शुरू की जाएगी, जिससे पर्यटकों का अनुभव और भी खास होगा। इस अवसर पर फ्लिक्सबस इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर सूर्या खुराना और पर्यटन आयुक्त रुक्मणि रियार भी उपस्थित रहे।

# रेल मंत्री आज आएंगे जयपुर

FAIR REPORT


**जयपुर**। केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव गुरुवार को एक दिन के दौरे पर जयपुर आएंगे। वे सुबह 7 बजकर 30 मिनट पर दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन से ट्रेन द्वारा रवाना होंगे और लगभग 10 बजकर 30 मिनट पर खातीपुरा रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। खातीपुरा से वे सीधे लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होने जाएंगे। इसके बाद दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजकर 30 मिनट तक उनका कार्यक्रम रेलवे से जुड़ी योजनाओं के निरीक्षण और उद्घाटन का है। अश्विनी वैष्णव जयपुर रेलवे स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार के निर्माण कार्यों का निरीक्षण करेंगे और वहां बन रही वंदे भारत ट्रेन मेंटेनेंस फैसिलिटी का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही वे गांधीनगर रेलवे स्टेशन का दौरा कर वहां की सुविधाओं का जायजा भी लेंगे।

# Gen Z: Practical Minds in a Fictional World



**Aashcharya Tiwari**

(YouthMedia Analyst & Digital Commentator)



Gen Z—loosely defined as those born between 1997 and 2012—has become the world's largest demographic block, making up over 30% of the global population (Pew Research, UN Data). They are the first generation to grow up entirely in the digital age, with smartphones, social media, and instant content as a natural environment rather than an acquired tool.

This upbringing has given them a reputation for practicality in some spheres and escapism in others. They can simultaneously plan side hustles at 18 and binge-watch fantasy content for hours. Are they realists navigating crises, or are they retreating into fictional worlds? The truth lies in the middle.

### The Practical Streak

A 2023 Deloitte survey found that 62% of Gen Z globally worry about financial security, more than Millennials did at the same age. Many in India are already investing in crypto, mutual funds, and side hustles during college.

According to LinkedIn data (2024), Gen Z is 45% more likely than Millennials to want to start their own business. Start-up ecosystems in Bengaluru, Pune, and Gurgaon already see a surge of 20-somethings pitching ideas. From the farmers' protests in India (2020–21) to climate strikes led by global youth figures like Greta Thunberg, Gen Z has demonstrated pragmatic activism grounded in real-world concerns. This proves that they are not disconnected from reality—they are highly aware of it.

### The Fictional Retreat

Yet, alongside this practicality is an unprecedented gravitation toward fictional and virtual universes. A Kaspersky study (2024) revealed that Gen Z spends an average of 9 hours daily on screens, with a major share on entertainment apps. The explosive rise of K-pop, anime, Marvel/DC fandoms, and gaming platforms like Fortnite or BGMI has created parallel universes where identity and belonging are reimagined.

A report by McKinsey (2023) found that 28% of Gen Z prefer spending time in metaverse-like digital spaces over real-life gatherings. Here, fictional worlds serve not as luxuries but as coping mechanisms.

### Examples from India and Beyond

During the farmers' protest (2020–21), many Gen Z participants balanced real-world activism with social media narratives—making memes, reels, and even animated videos to amplify their cause. In Japan and South Korea, Gen Z's obsession with anime/K-pop coexists with high entrepreneurial activity, showing that fictional devotion doesn't erase practical goals. In the U.S., while student debt concerns dominate Gen Z's reality, fictional escapes like Marvel fandom or gaming communities remain equally central.

### Why This Duality? (Causes)

Economic Pressure: Growing up amidst recessions, pandemic disruptions, and job insecurity, Gen Z often turns pragmatic about money—but also longs for safe fictional escapes from uncertainty. Information Overload: With constant exposure to crises—wars, climate change, economic downturns—fictional worlds provide a psychological buffer. Identity and Belonging: Traditional anchors (religion, politics, family authority) have weakened. Online fandoms and fictional characters give Gen Z a sense of belonging. Technology as Habitat: Unlike older generations, they don't enter the digital world—they live in it. Blurring of real and virtual is inevitable.

### Standpoint

Gen Z is neither impractical dreamers nor hardened realists—they are practical escapists. They know the challenges of the real world (climate change, inflation, job markets) and often respond with pragmatism. But when pressures overwhelm, they retreat into fictional universes that give comfort, community, and meaning.

In truth, this duality is not weakness—it is survival. The fictional worlds they love act as emotional shock absorbers in an age where reality often feels unrelentingly harsh. Every generation has found its escape: the Boomers had cinema, Gen X had rock, Millennials had Facebook. Gen Z has anime, gaming, and metaverses. But unlike their predecessors, they also carry a sharper awareness of economic, political, and ecological crises. So the real question is not whether Gen Z is practical or fictional—it is how they blend the two. In a way, they may be teaching older generations that imagination and pragmatism are not opposites, but allies in navigating an uncertain future.

## Udaipur civic body to dispose seizures

FAIR REPORT



**Udaipur:** Udaipur: To streamline traffic management, keep roads encroachment-free, and ensure smooth movement, the Udaipur Municipal Corporation is conducting regular anti-encroachment drives under Section 245 of the Rajasthan Municipality Act, 2009. During these operations, properties and materials causing encroachments are seized. If the seized items are not claimed within 7 days, they will be declared scrap and auctioned by the corporation.

Municipal Commissioner Abhishek Khanna informed that property owners whose items were seized have been notified to contact the corporation within the stipulated time. Failing this, the corporation will proceed with disposal, with responsibility lying on the respective owners. Meanwhile, with the upcoming Diwali Fair, a decision has been taken to organize the event on the Municipal Corporation premises. Since the premises currently store seized materials, it is necessary to clear them. Owners are therefore instructed to visit Room No. 71 of the Revenue Branch to reclaim their materials promptly.

## Amid escalating violence in Nepal, over 35 people from Udaipur

FAIR REPORT

**Udaipur:** Including the family of BJP leader Anil Singhal, remain trapped and unable to leave. The group is currently staying in a hotel in Kathmandu as the situation continues to deteriorate.

Bhagwatilal Menaria, one of the stranded travelers, described the harrowing experience. "We had completed our visit to the sacred Pashupatinath Temple early in the morning and returned to our hotel by noon," he said. "While making plans for the next part of our trip, we suddenly heard that violent unrest had broken out. Exiting the hotel became impossible as chaos engulfed the streets. It was clear that staying inside was the safest option."



Anil Singhal, BJP leader from Udaipur, confirmed the gravity of the situation. "We witnessed protests and fires erupting right before our eyes," he said. "At one point, we saw a hotel being set on fire."

### THE STRANDED GROUP SHARED THEIR CURRENT STATUS.

They explained they are waiting for the unrest to settle before making any attempt to leave. "We saw everything happening from our hotel. Given the dangerous atmosphere, we felt stepping outside would be too risky," they stated. Menaria further informed that the group includes 31 people from Udaipur, along with their families and relatives from nearby areas such as Madadi and Kharbadi. All are safe for now but stranded in Kathmandu. "We started our journey from Udaipur on September 3rd, traveling via Varanasi, Ayodhya, and Prayagraj before reaching Nepal," Menaria said. "Our plan was to visit Kolkata, Gangasagar, and Bihar, and return to Udaipur by September 18th, but now we are stuck here." He also mentioned that they are in constant communication with the Indian Embassy, which has advised them to remain where they are until the situation becomes safe to travel. Menaria noted that other Indian travelers from Jaipur and Bhilwara are also present in the same location. As the unrest continues, the group remains hopeful that normalcy will return soon, allowing them to safely return home.

## iPhone 17 Series Prices in India Compared to Other Countries

FAIR REPORT

**New Delhi:** Apple's newly launched iPhone 17 series has generated excitement worldwide, but Indian buyers will once again pay far more than customers in the US, UK, or Dubai.

The iPhone 17 (256GB) is priced at 82,900 in India, compared to 70,404 ($799) in the US, 95,165 (£799) in the UK, and 81,682 (AED 3,399) in Dubai. Apple's new addition, the iPhone Air, starts at 1,19,900 in India, while the same device costs 88,027 ($999) in the US, 1,19,037 in the UK, and 1,03,310 in Dubai—showing a difference of nearly 30,000 between India and the US. Higher-end models are even more expensive. The iPhone 17 Pro begins at 1,34,900 in India, against 96,838 ($1,099) in the US, while the iPhone 17 Pro Max costs 1,49,900 in India, significantly higher than American prices. Experts attribute these gaps to steep import duties, GST, and other levies. Although Apple is ramping up local manufacturing, premium models are still mostly imported, keeping costs elevated. Despite this, demand remains strong, with iPhones considered aspirational purchases. Analysts note festive seasons often drive sales, even at premium prices, while Apple continues to maintain its exclusivity-driven pricing strategy in India.

## Rare Scene in Rajasthan: Villagers Shave Heads, Hold Feast After Monkey's Cremation

FAIR REPORT



**Chittorgarh:** Chittorgarh- In a rare and emotional scene, villagers of Dheerji Ka Kheda in Bhadesar area performed the last rites of a monkey with full human traditions on Sunday. The animal, considered a family member by the locals, was given a funeral procession with drums and music, as hundreds of villagers joined with teary eyes to bid him farewell.

The villagers decided to conduct the rituals strictly according to Vedic traditions. Eleven devotees of Lord Hanuman even shaved their heads, as is customary when a family member passes away. The monkey's final journey was taken out from the village temple where he spent most of his time, before being cremated with sacred chants. On the following day, his ashes were immersed at the holy site of Maturkundiya. A pagri ceremony and community feast were also organized, attended by nearly 900 villagers. Every household was invited to be part of the ceremony. Panchayat Samiti member Hiralal Raika, who participated in the rituals, described it as a unique example of compassion and humanity.

According to locals, the monkey had been living at Khakhal Devji Temple for the last two years. He would sit quietly during prayers, join villagers in daily rituals, play with children, and spend time peacefully with elders. Known for his calm and gentle behavior, he never attacked or harmed anyone. This affectionate nature led the villagers to believe he was a form of Lord Hanuman, and when he died, they bid him farewell with the same reverence given to a human being. Among those who shaved their heads in mourning were villagers Mukesh Suthar, Bablu Sen, Bhagwat Singh, Man Singh, and Bherulal Gurjar, along with others.

## GST Relief Drives Down Lexus Car Prices in India by Up to ₹21 Lakh

FAIR REPORT

**New Delhi:** In a major boost for luxury car buyers, Lexus India has announced price cuts of up to 20.8 lakh across its lineup after the central government reduced GST on certain vehicles. This marks one of the sharpest corrections in the premium automobile segment in recent years. The flagship LX500d SUV has seen the steepest reduction of 20.8 lakh, making it more competitive in the luxury SUV space. The LM 350h MPV is now cheaper by 5.77 lakh, while the RX 350h and RX 500h SUVs are down by 2.1 lakh and 2.58 lakh, respectively. The NX 350h SUV has also dropped by 1.58 lakh. Industry experts say the move will attract high-end buyers, stimulate demand, and strengthen Lexus' hybrid-focused portfolio against rivals like Mercedes-Benz, BMW, and Audi. Analysts believe the GST-driven correction will reshape consumer sentiment in India's premium car market.

## Major FIR Lodged in Kotputli-Behror: ₹51 Lakh Company Parts Seized, One Accused Named

FAIR REPORT

**Virat Nagar (Rajasthan), Sept** 2025: A high-value case of copyright violation and property theft has been reported in Kotputli-Behror district, where police registered an FIR over company products worth 51.63 lakh. Complainant Yogesh Singh Tanwar of Nareda, Kotputli, alleged that on September 5, between 2:44 PM and 3:51 PM, copyrighted auto parts of companies VARROC and UASA—including coil plates, mirrors, ignition coils, clutch plates, and relay units—were illegally misused and sold on Ganesh Ji Road, Virat Nagar. The FIR was filed the same evening at 8:04 PM at Virat Nagar Police Station. Police have named Sedhuram Yadav (b.1983), resident of Ward No. 15, Virat Nagar, as the main accused. The case has been registered under Sections 51 and 63 of the Copyright Act, 1957, and IPC Section 318(2). ASI Shyam Kumar confirmed the FIR entry (No. 036) and stated that further investigation is underway to trace other possible accused.

## *Three Arrested for Temple Robbery in Chittorgarh, Looted Ornaments Recovered*

FAIR REPORT



**Chittorgarh:** Chittorgarh-Bhupalsagar police, with the assistance of the Cyber Cell, have arrested three accused involved in robbing a couple while they were asleep inside Falsiya Jagir Mataji Temple earlier this year. The police also recovered the looted gold and silver ornaments from their possession.

The incident occurred on the night of February 3, 2025, when the accused stole a gold Ramnam chain, two madaliya pendants, and two silver bangles from a sleeping woman and her husband inside the temple premises. Superintendent of Police Manish Tripathi said that given the sensitivity of the case, a special team was formed under the supervision of ASP Sarita Singh and Circle Officer (Kapasaan) Harji Lal Yadav. Station House Officer Ladulal Saunlki, ASI Jamna Tripathi, and members of the Cyber Cell led by Head Constable Rajkumar tracked down the accused using technical surveillance and local intelligence.

The arrested men have been identified as Banshilal Kalbeliya (50, resident of Badisadri), Mukesh Kalbeliya (27, resident of Kapasan, currently in Ahmedabad), and Narayan alias Prithviraj Kalbeliya (resident of Bhadesar). All three were produced in court and taken on police remand for further interrogation.

## SEBI Eases Rules to Boost IPO Plans of Startups

FAIR REPORT

**New Delhi:** Indian startups eyeing IPOs got major relief as SEBI announced key regulatory changes to ease compliance. The new framework allows founders to retain ESOPs granted at least one year before IPO filing, addressing earlier hurdles that forced restructuring and delays. Experts call this a founder-friendly reform aligning Indian rules with global norms. This flexibility ensures employees awarded ESOPs well before listing continue to benefit, boosting retention and motivation. The move is particularly significant for India's expanding tech ecosystem, where unicorns like Razorpay, Groww, and Meesho plan to tap public markets.

By relaxing IPO rules, SEBI seeks to enhance startups' access to capital and strengthen investor confidence. Industry analysts believe the shift could accelerate India's listing pipeline, making the country a more attractive hub for innovation-driven firms. The reform also supports broader efforts to deepen capital markets and scale entrepreneurship, providing startups with a smoother path to public listing.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005• Editor and Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act.